# ACC (एसीसी) का परिचय

रोकथाम, देखभाल, ठीक होना (रिकवर)

Information for Business Owners



## ACC क्या है?

दुर्घटना क्षतिपूर्ति निगम (ACC) एक सरकारी एजेंसी है जो काम पर या रोजमर्रा की जिंदगी में हुई दुर्घटना के बाद घायल लोगों को ठीक होने में मदद करती है।

न्यूज़ीलैंड में रहने या काम करने वाला कोई भी व्यक्ति ACC कवर के लिए पात्र है। इसका मतलब यह है कि यदि घायल व्यक्ति काम करने में असमर्थ है, तो हम उनके चिकित्सा उपचार, पुनर्वास और वित्तीय मुआवजे का भुगतान कर सकते हैं।

न्यूज़ीलैंड में हर कोई इसके भुगतान में मदद करता है, जिसमें वे व्यवसाय मालिक भी शामिल हैं जिन्हें ACC से वार्षिक लेवी चालान प्राप्त होता है।

## कौन सी सहायता उपलब्ध है?

चोट के आधार पर, ACC व्यक्ति को कई तरीकों से ठीक होने में सहायता कर सकता है।

इसमें जनरल प्रैक्टिशनर (डॉक्टर) या फिजियोथैरेपिस्ट जैसे हैल्थ प्रैक्टिशनर (स्वास्थ्य पेशेवरों) से मिलने के लिए फंडिंग (राशि), तथा एक्यूपंक्चर जैसे उपचार शामिल हैं। इसमें पुनर्वास में सहायता के लिए उपकरण और परिवहन भी शामिल हो सकते हैं।

यदि कोई व्यक्ति चोट के कारण काम नहीं कर सकता है, तो ACC उसके ठीक होने तक उसकी सामान्य साप्ताहिक आय का 80 प्रतिशत तक भुगतान कर सकता है। इस बारे में घायल व्यक्ति को ACC से पूछना होगा।

## काम करते हुए ठीक होना

कभी-कभी घायल कर्मचारी ठीक होने तक कुछ काम कर सकते हैं। इससे उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिलेगी तथा यह उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होगा।

बिजनेस उनके काम किए गए घंटों के लिए भुगतान करते हैं, तथा घायल व्यक्ति ACC से मुआवजा भी प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यस्थल पर स्वस्थ (ठीक) होने में, नियोक्ता, कर्मचारी, चिकित्सक और एसीसी शामिल होते हैं। GP (डॉक्टर) एक मेडिकल सर्टिफिकेट (चिकित्सा प्रमाण पत्र) प्रदान करता है जो दर्शाता है कि चोट के आधार पर वह व्यक्ति क्या काम कर सकता है

## MyACC फॉर बिजनेस (बिजनेस के लिए माईएसीसी)

माई एसीसी फॉर बिजनेस एक नि:शुल्क ऑनलाइन सेवा है जो आपके स्टाफ (कर्मचारियों) के एसीसी दावों का प्रबंधन और आपकी इन्वाइस (चालान) का ऑनलाइन भुगतान आसान बनाती है। यह केवल अंग्रेजी में ही उपलब्ध है।

### संपर्क

यदि आपको अपनी या अपने किसी कर्मचारी की चोट के प्रबंधन के बारे में सहायता या सलाह की आवश्यकता है तो आप **0800 101 996** पर फोन कर सकते हैं।

व्यवसाय से संबंधित प्रश्नों के लिए आप **0800 222 776** पर फोन कर सकते हैं। ये सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहते हैं।

फोन करने पर आपके लिए अनुवाद सेवा उपलब्ध होती है। अधिक जानकारी के लिए *acc.co.nz/for-business* पर जाएं।

ACC8722 - Hindi